# होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबन्धन, मुख्यालय, मध्यप्रदेश

## परिपत्र--23

क्रमॉक 1186 /निस/डीजी/2018 भोपाल, दिनांक 03-08-2018

दिनांक 31-07-2018 को मेरे व्दारा स्टेट कमाण्ड सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेरे व्दारा स्टेट कमाण्ड सेन्टर में होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन की भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित राज्य आपदा प्रदान प्रतिक्रिया एवं निगरानी प्रणाली (GIS Based State Disaster Command Response & Monitoring System) का समक्ष डेमो/प्रदर्शन कराया गया, जिसके क्रियान्वयन तथा संपादन में कई कमियॉ पायी गयी एवं दिये गये निर्देशों यथा एक घटना (इवेन्ट) को निर्मित कर कमाण्ड, प्रतिक्रिया एवं निगरानी के तारतम्य में एक टेस्ट मैसेज् को डी0आर0सी0 /ई0ओ0सी0/संबंधित अधिकारियों को प्रसारण किया जाना था परन्तु इसका क्रियान्वयन सफलतापूर्वक नहीं किया जा सका।

स्टेट कमाण्ड सेन्टर, राज्य की आपदाओं /विपदा के दौरान प्रतिक्रिया एवं निगरानी प्रणाली का प्रदेश स्तरीय मुख्य केन्द्र है । इसके साथ-साथ भविष्य में स्टेट कमाण्ड सेन्टर में होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन की भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित राज्य आपदा प्रदान प्रतिक्रिया एवं निगरानी प्रणाली (GIS Based State Disaster Command Response & Monitoring System) का कार्यक्षेत्र राज्य स्तर से विस्तार कर राष्ट्रीय स्तर पर लान्च करने हेतु विचार किया जा रहा है । ऐसी स्थिति में स्टेट कमाण्ड सेन्टर तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित राज्य आपदा प्रदान प्रतिक्रिया एवं निगरानी प्रणाली की कार्यवाही एवं क्रियावयन व्यवस्थित ढंग से नहीं किया जाना अत्यन्त खेदजनक है ।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्टेट कमाण्ड सेन्टर में जानकारियों, सूचनाओ इत्यादि का संकलन तथा स्टेट कमाण्ड सेन्टर तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित राज्य आपदा कमाण्ड प्रतिक्रिया एवं निगरानी प्रणाली का संचालन, क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से सम्पादित नहीं किया जा रहा है। अगर किसी सुधार, क्रय या मरम्मत की आवश्यकता है, तो समुचित कारणों सहित प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करें।

स्टेट कमाण्ड सेन्टर के सुदृढ़ीकरण बावत आवश्यक है कि, स्टेट कमाण्ड सेन्टर की कार्यवाहियों का संचालन, क्रियान्वयन तथा पर्यवेक्षण व्यवस्थित एवं सही ढंग से करने हेतु

उपमहानिरीक्षक, एसडीईआरएफ, तथा संभागीय सेनानी, एसडीईआरएफ एक **मानक संचालन प्रकिया (SOP)** तैयार कर प्रस्तुत करें। इसके लिए म0प्र0 पुलिस डायल 100 एवं एन0ए0एस0 108 इमरजेन्सी सेवा अथवा सी0एम0 हैल्प लाईन कन्ट्रोल रूम में संचालित व्यवस्था के मानक संचालन प्रकिया (SOP) का अध्ययन किया जाकर कार्यवाही प्रस्तावित करें।

निरीक्षण के दौरान स्टेट कमाण्ड सेन्टर में तैनात डियूटी अधिकारियों से ई0ओ0सी झाबुआ, अनूपपुर एवं भोपाल से ई0ओ0सी0 प्रभारी से संवाद स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया, जिसमें पाया गया कि स्टेट कमाण्ड सेन्टर व्दारा व्यवस्थित रूप से प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया । अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, एस0डी0ई0आर0एफ0, स्टेट कमाण्ड सेन्टर के सुचारू संचालन हेतु डिवीजनल कमाण्डेण्ट एस0डी0ई0आर0एफ0 तथा स्टैट कमाण्ड सेन्टर के प्रभारी अधिकारियो को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित करें ।

मध्यप्रदेश के समस्त सम्भागीय सेनानी तथा जिला सेनानियों से भी अपेक्षा है कि वे अपने जिलों के ई0ओ0सी0 तथा संबंधित डी0आर0सी0 में पदस्थ अधिकारियों / कर्मचारियों /स्वयंसेवियों की जानकारी, नाम एवं मोबाईल नम्बर सहित स्टेट कमाण्ड सेन्टर को प्रस्तुत करते हुए एक प्रति इस कार्यालय को भी प्रस्तुत करें। इसके साथ–साथ प्रत्येक ई0ओ0सी0 तथा डी0आर0सी0 के लिए सी.यू.जी. सिम के लिए डिवीजनल कमाण्डेण्ट, होमगार्ड, भोपाल से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें ।

**(महान भारत सागर)** 3.8.18
**महानिदेशक,**
**होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं**
**आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश**

पृ0 कमॉक 1187 /निस/डीजी/2018 भोपाल, दिनांक 03-08-2018

प्रतिलिपिः–

1– अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल, होमगार्ड, म0प्र0 जबलपुर।

2– अतिरिक्त डायरेक्टर जनरल, एसडीईआरएफ मध्यप्रदेश भोपाल।

2– उप महानिरीक्षक, एसडीईआरएफ मध्यप्रदेश भोपाल।

3– समस्त संभागीय सेनानी, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ म0प्र0।

4– समस्त जिला सेनानी, होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ म0प्र0।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

महानिदेशक, 3.8.18
होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं
आपदा प्रबन्धन, मध्यप्रदेश